SUNDAY | 27.07.2025 | श्रावण शुक्ल-तृतीया विक्रम संवत-2082 उत्तर प्रदेश

# अमर उजाला

वर्ष 57 | अंक 190 | पृष्ठ : 24 | मूल्य : सात रुपये बरेली • 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

PAGE NO. 1 TOP




## शिक्षा के क्षेत्र में दी नई पहचान, बरेली को दी एक उड़ान




# बरेली की उड़ान, शिक्षा से पहचान

बरेली शहर की पहचान केवल जरी-जरदोजी, चिकित्सा या उद्योग तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। इस शहर ने देश को कई ऐसे रत्न दिए हैं जिन्होंने अपनी मेहनत, समर्पण और दूरदर्शिता से न केवल बरेली, बल्कि पूरे देश और विदेश में नाम रोशन किया है।

आज हम आपका परिचय करा रहे हैं बरेली की उन विशिष्ट शिक्षाविदों और समाजसेवियों से, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देकर समाज को एक नई दिशा दी है।

इन महान हस्तियों ने न केवल स्वयं के लिए ऊँचाइयाँ हासिल कीं, बल्कि समाज के युवाओं के लिए एक मार्गदर्शक बनकर उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी। इन्होंने शिक्षा को केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज सुधार और जागरूकता का एक सशक्त साधन बनाया।

बरेली के इन शिक्षाविदों ने आधुनिक शिक्षा प्रणाली को अपनाकर नवाचार और गुणवत्ता को प्राथमिकता दी। उनके द्वारा स्थापित संस्थानों, स्कूलों और कोचिंग सेंटर्स ने हजारों छात्रों को उनके सपनों तक पहुँचने में सहायता की है। इनकी सोच और कार्यशैली ने शिक्षा को आमजन तक पहुँचाने के लिए जो प्रयास किए हैं, वे आज एक मिसाल बन चुके हैं। इनकी सफलता की कहानियाँ हमें बताती हैं कि कठिन परिश्रम, ईमानदारी और समाज के प्रति समर्पण से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। ये लोग आज न केवल शिक्षण संस्थानों का संचालन कर रहे हैं, बल्कि समय-समय पर सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी कर समाज के प्रति अपने दायित्वों को भी निभा रहे हैं।

इस लेख के माध्यम से हम उन प्रेरणादायक व्यक्तित्वों को मंच दे रहे हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत से शिक्षा के क्षेत्र में एक नई रेखा खींची है। ये हस्तियाँ आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी हैं, जो आने वाले समय में बरेली की पहचान को और अधिक समृद्ध बनाएंगी।